# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

पत्रांक– डी०डी०–1–विविध–111/39/2022–23(पार्ट–V) पटना, दिनांक–..................

प्रेषक,

राकेश कुमार,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

स्मार पत्र

विषयः– केन्द्र प्रायोजित योजना (न्यायिक भवनों) के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं का निधारित कार्य योजना के अनुरूप भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करने के संबंध में।

प्रसंग– विभागीय पत्रांक–5850(भ), अनु०, पटना, दिनांक–20.07.2023 एवं पत्रांक–6721(भ), अनु०, पटना, दिनांक–21.08.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत स्वीकृत न्यायिक भवनों के निर्माण कार्य हेतु सभी कार्यपालक अभियंता को योजना का मासिक भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निर्धारण हेतु निदेश दिया गया था, जिसके आलोक में केवल भवन प्रमंडल **गया, पूर्णियाँ** एवं **बक्सर** से प्रतिवदेन प्राप्त हुआ है। अन्य प्रमंडलों से अभी तक प्रतिवदेन प्राप्त नहीं हुआ है, जो खेद का विषय है।

विदित हो कि इन योजनाओं का अनुश्रवण केन्द्र सरकार, माननीय उच्च न्यायलय एवं विधि विभाग द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है। समुचित रूप से लक्ष्य का निर्धारण नहीं होने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने के कारण भवन निर्माण विभाग को विपरीत परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

अतः इस क्रम में पुनः आपको निदेशित किया जाता है कि संबंधित संवेदक से कार्य योजना प्राप्त कर तथा इसकी समीक्षा कर संलग्न विहित प्रपत्र में सॉफ्ट कॉपी (Excel Format) तथा PDF कॉपी में सभी संबंधित तथ्यों को भरकर 29.08.2023 तक (Email-se.directormonitoring.bcd@gmail.com) उपलब्ध करना सुनिश्चित करें तथा साथ ही उपलब्ध कराये गये लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें।

कृपया इसे गंभीरता से लें, अन्यथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए आपको जिम्मेवार माना जाएगा तथा इसके लिए आपके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

अनु०– विहित प्रपत्र।

विश्वासभाजन

ह०/–
(राकेश कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक दिनांक–

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता (उत्तर/दक्षिण/पटना)/ सभी अधीक्षण अभियंता, भवन अचंल, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 6947 (अनु०) दिनांक– 28/8/23

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
अनु०- विहित प्रपत्र

28/8/23
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

DMC-02

# केन्द्र प्रायोजित योजना (न्यायिक भवन) संबंधी कार्य योजना

| क्र० सं० | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | निविदा निष्पादन की तिथि | कार्य प्रारंभ की तिथि / कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि | जुलाई 2023 | | अगस्त 2023 | | सितम्बर 2023 | | अक्टूबर 2023 | | नवम्बर 2023 | | दिसम्बर 2023 | | जनवरी 2024 | | फरवरी 2024 | | मार्च 2024 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |